तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल जज **रावल सिंह** **बनाम** **लोक सूचना अधिकारी (अपर जिला कलक्टर, शहर प्रथम, जोधपुर)** सू.अ.अपील संख्या–ऑनलाईन अपील संख्या 353156111462758	न. व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए
24/03/25	अपीलार्थी रावल सिंह निवासी सियो की पाती ग्राम खीचन तहसील फलोदी ने सूचना का अधिकार के तहत उनके द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना पत्र में दिनांक 11.02.2025 को दिनांक 21.11.2024 को प्रार्थना पत्र प्रस्तुत कर ग्राम खीचन के तत्कालीन जागीरदारों द्वारा ग्राम खीचन के जारी पट्टो के रिकार्ड अनुसार समस्त पट्टों की प्रमाणित प्रतियों से संबंधित सूचना के लिए लोक सूचना अधिकारी (अपर जिला कलक्टर, शहर प्रथम, जोधपुर) को प्रेषित किया गया तथा उक्त लोक सूचना अधिकारी द्वारा सूचना नहीं दी गई, जिससे व्यथित होकर यह अपील पेश हुई। अपील में रेस्पो. पक्ष (अपर जिला कलक्टर, शहर प्रथम, जोधपुर) को नियत सुनवाई तिथि को आवश्यक दस्तावेज सहित (तथ्यात्मक) उपस्थित होने एवं अपीलार्थी को सुनवाई तिथि हेतु आरटीआई पोर्टल के माध्यम से नोटिस जारी किया गया। हमने पत्रावली का अवलोकन किया। नियत सुनवाई तिथि पर अपीलार्थी उपस्थित। रेस्पो. पक्ष (अतिरिक्त जिला कलक्टर (शहर प्रथम) जोधपुर) ने जरिये पत्रांक 265 दिनांक 28.02..2025 से बतलाया कि प्रार्थी को प्रभारी अधिकारी अभिलेख एवं भू–अभिलेख, कार्यालय हाजा ने पत्र संख्या 69 दिनांक 16.01.2025 द्वारा सूचित किया कि कार्यालय की अभिलेख एवं भू अभिलेख अनुभाग की रेकर्ड में जमा सूचियों का अवलोकन किये जाने पर, रेकर्ड में जमा सूचियों की पत्रावली रेकर्ड में जमा होना नही पाया गया है। चूंकि अपीलार्थी द्वारा चाही गई सूचना/सूचना के स्पष्टीकरण से लोक सूचना अधिकारी द्वारा प्रार्थी को अवगत करा दिया गया है अतः लोक सूचना अधिकारी कार्यालय स्तर पर कोई कार्यवाही अपेक्षित नही होने से अपील इस स्टेज पर निरस्त योग्य होने से निरस्त की जाती है। आदेश की प्रति संबंधित को सूचनार्थ एवं पालनार्थ प्रेषित हो। आदेश सुनाया गया। (गौरव अग्रवाल) जिला कलक्टर, जोधपुर	

Signature valid
Digitally signed by Gaurav Agrawal
Designation: Collector & District Magistrate
Date: 2025.03.2[illegible] [illegible]2:52:36 IST
Reason: Approved

RajKaj Ref No.: 14336403